>

Title: Need to take steps to carry out construction, repair and maintenance of various roads identified under NHDP Phase-IVB in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बिहारशरीफ मोकामा के बीच 122 से 132 किलोमीटर (बरबीघा-सरमेरा) पथांश की स्थिति काफी दयनीय है। पिछले 3-4 वर्षों से लगातार भारी वर्षा के कारण इस क्षेत्र में बाढ़ के पानी से पथ परत क्षतिग्रस्त हुआ है तथा इस पथांश से होकर शेखपुरा खदान से सड़क निर्माण सामग्री यथा बोल्डर स्टोन, मेटल एवं स्टोन डस्ट से लदे भारी वाहनों का राज्य के विभिन्न स्थानों पर जाने के कारण यातायात का दवाब अत्यधिक रहता है जिससे उक्त पथांश 122 से 132 किलोमीटर की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। उसके चलते वाहन के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एवं कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इस पथांश का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का प्राक्कलन मात्र 1668.05 लाख रुपये का तैयार कर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पास लंबित है। मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 105 दिनांक 31.7.2009 द्वारा समर्पित किया जा चुका है। यह पथांश सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए अनुमोदित वार्षिक योजना में भी चयनित है।

राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 82 के 99 से 108 कि.मी. (बिहारशरीफ-अस्थांवा) की स्थिति भी दयनीय है। यह पथांश भी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2009-10 की सवाधि नवीकरण मद से कार्य कराने हेतु चयनित है। इस पथांश का प्राक्कलन मात्र 881.91 लाख रुपये का तैयार कर मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 147 दिनांक 11.12.2009 द्वारा मंत्रालय को स्वीकृति प्रदान करने हेतु समर्पित किया जा चुका है। मंत्रालय द्वारा अभी तक उपर्युक्त दोनों प्राक्कलनों की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। अत: मेरा सुझाव होगा कि इसे यथाशीघ्र बनवाने की कृपा की जाए। धन्यवाद।